Certificate in Language Examination 2016
Hindi
Paper-II

Time : 3 Hours **Full Marks : 80**

Questions are of value as indicated in margin

1. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं **दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए– 8×2=16

(क) सिद्धि हेतु स्वामी गये, यह गौरव की बात,
पर चोरी-चारी गये, यही बड़ा व्याघात।

(ख) देखते देखा मुझे तो एक बार
उस भवन की ओर देखा, छिन्नतार
देखकर कोई नहीं
देखा मुझे उस दृष्टि से
जो मार खा रोई नहीं।

(ग) नहीं समझ पाया था मैं उसके महत्व को,
बचपन में छि: स्वार्थ लोभवश पैसे बोकर।
रत्न प्रसविनी है वसुधा, अब समझ सका हूँ।

(घ) असंख्य कीर्ति रश्मियाँ
विकीर्ण दिव्य दाह-सी
सपूत मातृभूमि के
रूको न शूर साहसी!

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर दीजिए– 2×12=24

(क) 'पुष्प की अभिलाषा' कविता का भावार्थ लिखिए।
(ख) 'सुमित्रानन्दन पंत' अथवा 'जयशंकर प्रसाद' का साहित्यिक परिचय दीजिए।
(ग) तोड़ती पत्थर' कविता की मूल भावना पर प्रकाश डालिए।
(घ) 'यह धरती कितना देती है' कविता के माध्यम कवि क्या संदेश देना चाहते हैं?

3. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं **दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए– 2×8=16

(क) संसार में बहुत से ऐसे भी नीच और कुत्सित लोग होते हैं जो झूट बोलने में अपनी चतुराई समझते हैं और सत्य को छिपाकर धोखा देने या झूठ बोलकर अपने को बचा लेने में अपना परम गौरव मानते हैं।
(ख) वह कुछ लेगा नहीं, यह मैं जानता हूँ, उसका जन्म यश की वर्षा करने ही के लिए हुआ है। उसकी सज्जनता ने मुझे ऐसा आदर्श दिखा दिया है, जो अब से जीवन-पर्यन्त मेरे सामने रहेगा।
(ग) नैतिक अंकुश के बिना शक्ति मानव के लिए हितकर नहीं होती। वह नैतिक अंकुश यह चेतना का भावना ही दे सकती है। वही उस शक्ति को परिमित भी कर सकती हैं और उसके उपयोग को नियंत्रित भी।
(घ) पंजे इतने ठण्डे हो रहे थे कि मैंने जागकर हीटर जलाया और उसे उष्णता देने का प्रयत्न किया। परन्तु प्रभात के प्रथम किरण के स्पर्श के साथ ही वह किसी और जीवन में जागने के लिए सो गया।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 2×12=24

(क) 'रामचन्द्र शुक्ल' ने 'मित्रता' की क्या विशेषताएँ बताई हैं?
(ख) 'ममता' का चरित्र चित्रण कीजिए।
(ग) 'राजेन्द्र प्रसाद' अथवा 'हजारी प्रसाद द्विवेदी' का साहित्यिक परिचय दीजिए।
(घ) 'भारतीय संस्कृति' की विशिष्टताओं को रेखांकित कीजिए।